**-:प्रेस नोटः-**

**दिनांक- 19.09.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **पुलिस अधीक्षक बांदा के निर्देशन में यातायात पुलिस द्वारा चारपहिया वाहनों में लगी काली फिल्म** (Black Film / Tinted Glass) **के विरुद्ध चलाया गया सघन चेकिंग अभियान। साथ ही लोगों को यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरुक।**

**विवरण**- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करने तथा सड़क सुरक्षा एवं आपराधिक/असामाजिक गतिविधियों की रोकथाम एवं सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के उद्देश्य से आज दिनांक 19.09.2025 को यातायात पुलिस द्वारा बांदा शहर क्षेत्र में चारपहिया वाहनों में अवैध रूप से लगी काली फिल्म (Black Film / Tinted Glass) के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें चारपहिया वाहनों मे अवैध रुप से लगी लगी काली फिल्मों को हटवाया गया और वाहन चालकों को काली फिल्म के दुष्परिणामों व कानून प्रावधानों के बारे में जानकारी देकर जागरुक किया गया साथ ही भविष्य में किसी भी निजी या व्यावसायिक वाहनों पर मनमाने ढंग से काली फिल्म (Black Film /Tinted Glass) का प्रयोग न करने के लिए कड़ी चेतावनी भी दी गई। इस दौरान सड़कों, फुटपाथों एवं चौराहों किनारे किए गये अवैध रुप से अतिक्रमण भी हटवाए गएं तथा आम जनमानस व दुकानदारों से अपील की गई कि अवैध रुप से सड़कों, चौराहों आदि पर अतिक्रमण न करें जिससे आमजनमानस को आवागम में असुविधा हो तथा यातायात नियमों का पालन करें जनपद में यातायात व कानून व्यवस्था बनाये रखने में सहयोग प्रदान करें। आज अभियान के दौरान कुल 04 चारपहिया वाहनों से काली फिल्म हटवाई गई और कुल 10 हजार रुपए का चालान करते हुई कड़ी चेतावनी दी गई।